NNi
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-202, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 28 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# प्लेन क्रैश

## महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजित पवार सहित 5 की मौत



### हादसे में मारे गए लोगों के नाम

अजित पवार- उपमुख्यमंत्री
एचसी विदिप जाधव, अजित के निजी सुरक्षा अधिकारी
कैप्टन सुमित कपूर- पायलट
कैप्टन शांभवी पाठक- पायलट
पिंकी माली- फ्लाइट अटेंडेंट

मुंबई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। वे 66 साल के थे। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। हादसे में अजित पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे। महाराष्ट्र एविएशन डिपार्टमेंट के मुताबिक विमान बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए अप्रोच कर रहा था। पहली बार में पायलट को रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह विमान को दोबारा

### बारामती में लैंडिंग की दूसरी कोशिश में फिसला विमान, जलकर हुआ खाक

ऊंचाई पर ले गया। रिपोर्ट के अनुसार उस समय विजिबिलिटी करीब 2 हजार मीटर थी। पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इसी दौरान विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया। इसके तुरंत बाद उसमें आग लग गई। यह भी जानकारी मिली है कि लैंडिंग के दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था। घटना के समय बारामती के फ्लाइंग क्लब में कोई विमान उड़ान पर नहीं था। हादसे के समय अजित के चाचा शरद पवार मुंबई और सुप्रिया सुले दिल्ली में थे। जानकारी मिलते ही वे परिवार के साथ बारामती के लिए रवाना हो गए। महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आज स्कूलों की छुट्टी घोषित की है, वहीं राज्य में 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

> अजित पवार जनता के नेता थे, जिनका जमीनी स्तर पर मजबूत जुड़ाव था। महाराष्ट्र के लोगों की सेवा करने में सबसे आगे रहने वाले एक मेहनती व्यक्तित्व के तौर पर उनका बहुत सम्मान किया जाता था। प्रशासनिक मामलों की उनकी समझ और गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने का उनका जुनून भी काबिले तारीफ था। उनका असमय निधन बहुत चौंकाने वाला और दुखद है। उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।
>
> नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## बजट सत्र शुरू: संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण, जी राम जी पर विपक्ष का हंगामा

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र का आगाज हो चुका है। लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरूआत हुई। राष्ट्रपति ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने के साथ-साथ देश की भावी योजनाओं पर भी बात की। अपने संबोधन के दौरान जैसे ही राष्ट्रपति ने वीबी-जी राम जी कानून का जिक्र किया, विपक्षी दलों के सांसदों ने कानून वापस लेने की मांग करते हुए नारेबाजी की। हंगामे और शोरगुल के बीच राष्ट्रपति का संबोधन जारी रहा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते समय कहा, आज उन्हें यह साझा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि बीता वर्ष




भारत के तेज विकास और विरासत के उत्सव के रूप में स्वर्णिम रहा है। उन्होंने कहा, सरकार देश में सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। देश के लगभग 95 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों से निपटने और सार्वजनिक धन के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने में सफल रही है। देश में वर्तमान में 150 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त समझौते से सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पुराने नियमों में बदलाव किया जा रहा है। सरकार 'सुधार एक्सप्रेस' के पथ पर आगे बढ़ रही है। पिछड़े समुदायों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है।

## शंकराचार्य ने दुखी मन से छोड़ा माघ मेला

# ऐसी कभी कल्पना नहीं की थी: स्वामी अवमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** माघ मेला से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दुखी मन से विदा लेने का ऐलान किया है। बुधवार सुबह आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि वह आस्था और श्रद्धा के साथ माघ मेला में आए थे, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बन गईं कि बिना स्नान किए ही लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज हमेशा से शांति, विश्वास और सनातन परंपराओं की भूमि रही है और यहां से इस तरह लौटना उनके लिए बेहद पीड़ादायक है।




शंकराचार्य ने बताया कि एक ऐसी घटना घटी, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी, जिससे उनका मन व्यथित हो गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि माघ मेला में स्नान करना उनके लिए केवल एक धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि आस्था का विषय था।

बावजूद इसके, मौजूदा हालात में उन्होंने मेला छोड़ने का कठिन निर्णय लिया। उनके इस फैसले के बाद संत समाज और श्रद्धालुओं में चर्चा तेज हो गई है।

## बरेली में राम जनम यादव को सिटी मजिस्ट्रेट का चार्ज

**बरेली।** पद से इस्तीफा देने और निलंबन होने के तीसरे दिन बुधवार को सुबह ही जिला प्रशासन ने सिटी मजिस्ट्रेट के आवास पर नोटिस चस्पा कर दिया है। डीएम ने रामजनम यादव को चार्ज सौंप दिया है। अलंकार अग्निहोत्री अभी अपने सरकारी आवास में ही है। उनके समर्थक लगभग पूरी रात आवास के सामने दामोदर पार्क में डेरा जमा रहे और निगरानी भी करते रहे। समर्थकों को अलंकार अग्निहोत्री को कहीं गोपनीय स्थान पर ले जाए जाने का अंदेशा था। हालांकि, अलंकार के साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और अभी भी अपने आवास पर ही हैं। भारी पुलिस बल भी तैनात है।



## काशी में थाईलैंड की राजकुमारी का भव्य स्वागत

**वाराणसी।** थाइलैंड की राजकुमारी लेफ्टिनेंट जनरल सिनिनाथ पिलास कल्यानी ने भगवान बुद्ध की उपदेश स्थली सारनाथ में भगवान बुद्ध की पूजा और पुरातात्विक खंडहर परिसर में धमेख स्तूप की परिक्रमा की। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। थाईलैंड की राजकुमारी बौद्ध गया से सड़क मार्ग होते हुए दोपहर में करीब 12:30 बजे सारनाथ पहुंचीं। यहां प्रभारी भिक्षु मंगलिको व धम्म शिक्षण केंद्र के प्रभारी भिक्षु चंदिमा ने बुद्ध वंदना के साथ उनका स्वागत किया। राजकुमारी ने थाई बौद्ध मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं के साथ विधिवत बुद्ध वंदना कर पूजा की।

## द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के द्वारका कोर्ट में आज सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब कोर्ट परिसर में बम रखे होने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। इस सूचना के मिलते ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया। बम की धमकी मिलने की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं।

साइबर सिटी में 13 निजी स्कूलों में बुधवार की सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं। धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने एहतियात के तौर पर स्कूलों में छुट्टी कर दी और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित स्कूलों में पुलिस की टीमों ने पहुंचकर सर्च अभियान शुरू कर दिया।

स्कूलों में बुधवार सुबह धमकी भरा ईमेल उस समय मिला, जब बच्चे स्कूल पहुंच रहे थे या पहुंच चुके थे। धमकी भरी ईमेल स्कूलों को अलग-अलग समय में मिली हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमों के साथ ही बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और एसडीआरएफ की टीमों ने संबंधित स्कूलों में पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। जांच टीमों ने स्कूल परिसरों के साथ-साथ आसपास के संवेदनशील इलाकों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया। स्कूलों के कमरों, शौचालयों, मैदानों, गमलों से लेकर हर संभावित स्थान की बारीकी से जांच की गई। पुलिस व अन्य टीमों को जांच में किसी भी स्कूल से कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। फिलहाल पुलिस उस ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने और धमकी के पीछे की सच्चाई जानने के लिए तकनीकी जांच में जुटी है।

## चंडीगढ़ में 18 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक फरवरी के प्रस्तावित पंजाब दौरे से ठीक पहले बुधवार को चंडीगढ़ के 18 नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। इसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सुबह जैसे ही स्कूलों को यह ई-मेल प्राप्त हुआ, तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। कुछ ही मिनटों में पुलिस कंट्रोल रूम से अलर्ट जारी कर दिया गया। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन टीम , ऑपरेशन सेल और संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी स्कूल परिसरों की तलाशी शुरू की गई। कुछ स्कूलों में अब भी तलाशी अभियान जारी है।

# पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद मैदानी इलाके ठिठुरे, बारिश-ओले गिरे

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम में फिर बदलाव आया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पहले से ही जारी बर्फबारी और तेज हुई है। चोटियां बर्फ की सफेद चादर में ढंक गई हैं और राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई रास्तों को बर्फ की मोटी परत जमने के कारण बंद करना पड़ा है। रेड अलर्ट के बीच दिल्ली-एनसीआर समेत मैदानी इलाकों में झमाझम बारिश हुई और गाजियाबाद समेत कई इलाकों में ओले भी गिरे।



मौसम में बदलाव से तापमान गिरने से ठंड में इजाफा हुआ है। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-5 डिग्री तक की गिरावट आने और पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के साथ हिमपात होने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। दिल्ली में 24 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो 2022 के बाद से जनवरी माह की सबसे अधिक वर्षा है। वहीं, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम से लेकर हापुड़ और मेरठ में भी झमाझम बारिश हुई। कई जगह ओले भी गिरे। इससे तापमान में गिरावट आई। दिल्ली में अधिकतम तापमान 16.9 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम 8.0 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी कई जगह हल्की से भारी बारिश हुई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

**सोनमर्ग में हिमस्खलन, श्रीनगर-जम्मू हाईवे बंद**

कश्मीर के गांदरबल में सोनमर्ग में मंगलवार रात 10:12 बजे हिमस्खलन हुआ। यह हिमस्खलन एक रिसॉर्ट से टकराया। कई इमारतें इसकी चपेट में आईं, पर जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगाम, पटनीटॉप, भद्रवाह, कठुआ के बनी में बर्फबारी हुई है। श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर भारी बर्फ के चलते राजमार्ग बंद कर दिया गया है।

**61 उड़ानें रद्द**

श्रीनगर हवाईअड्डे से सभी 58 और जम्मू से तीन उड़ानें रद्द कर दी गईं। 14 हजार से अधिक भक्तों ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। डोडा में 10,500 फीट की ऊंचाई पर फंसे 40 जवानों समेत 60 लोगों को बचाया गया है। वहीं, लद्दाख के न्योमा में पारा माइनस 9.7 डिग्री व द्रास में माइनस 9.2 डिग्री रहा।

**हिमाचल व उत्तराखंड में भी बर्फबारी**

हिमाचल प्रदेश में कुफरी, मनाली, किन्नौर, लाहौल व शिमला में बर्फबारी हुई। प्रदेश में 550 सड़कें बंद हैं। चंबा में ट्रैकिंग पर निकले दो युवकों के शव मिले हैं। वहीं, उत्तराखंड में बदरीनाथ धाम, जोशीमठ, औली, केदारनाथ धाम, तुंगनाथ, मद्महेश्वर घाटी, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भारी बर्फबारी हुई है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा ब्रज

www.nnindianews.com

बुधवार, 28 जनवरी, 2026





### श्रीबांकेबिहारी कॉरिडोर की आसान होती राह

# एक और जमीन की रजिस्ट्री, 1.85 करोड़ में खरीदी गई

एनएनआई

**मथुरा।** प्रस्तावित श्रीबांकेबिहारी कॉरिडोर बनने का रास्ता धीरे-धीरे साफ होने लगा है। भव्य और दिव्य कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में मंगलवार को रजिस्ट्री कार्यालय में दूसरी रजिस्ट्री हुई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण और जिलाधिकारी सीपी सिंह भी मौजूद रहे। वहीं 32 लोगों के अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी रजिस्ट्री अगले माह कराई जाएगी।

कॉरिडोर निर्माण के लिए वृंदावन निवासी मनीष मिश्रा ने बिहारीपुरा क्षेत्र की संपत्ति संख्या-25-ए (322.32 वर्ग मीटर) की रजिस्ट्री तहसीलदार सदर के माध्यम से ठाकुर श्रीबांकेबिहारीजी (देवता) के नाम कराई। यह भूमि करीब 1.85 करोड़ में खरीदी गई है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा के प्रयासों से हुई यह दूसरी रजिस्ट्री कॉरिडोर निर्माण के संकल्प को धरातल पर उतारने की शुरूआत है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि श्रीबांकेबिहारी मंदिर के आसपास जनसुविधाओं का विकास धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को प्राथमिकता दे रही है। डीएम ने कहा कि इस परियोजना से ब्रज क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। भव्य निर्माण से ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर नई पहचान मिलेगी। इससे पहले 16 जनवरी को पहली रजिस्ट्री हुई थी। इसे यति गोस्वामी, अभिनाश गोस्वामी और अनिकेत गोस्वामी ने बिहारीपुरा क्षेत्र स्थित अपनी 69.26 वर्ग मीटर संपत्ति बिहारीजी के नाम की थी।

# बालिका संरक्षण गृह से पांच लड़कियां फरार, तीन घर पहुंचीं, दो की तलाश

**मथुरा** एनएनआई। वृंदावन के चैतन्य विहार स्थित राजकीय बाल गृह (बालिका) से पांच किशोरी सोमवार रात को छत से कंबल की रस्सी बनाकर भाग गईं। किशोरियों के गायब हो जाने होने से अफरातफरी मच गई। एसएसपी एवं पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर जांच के निर्देश दिए। उनकी तलाश में पांच टीमें गठित कर रवाना किया। पुलिस ने दो किशोरियों को उनके घर से एवं तीसरी को चार धाम के समीप से पकड़ लिया है। अन्य दो की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं। डीपीओ विकास चंद्र ने एक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

नगर के चैतन्य विहार स्थित राजकीय बाल गृह (बालिका) में पॉक्सो व अन्य अलग मामलों में 98 किशोरियों को संरक्षण दिया गया है। सोमवार की रात को यहां हंगामा खड़ा हो गया। रात को बालिकाओं की गिनती की गई तो संख्या पांच कम मिली। खोजने पर पाया कि बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर कंबल से बनी रस्सी खाली प्लाट में लटकी है। इससे साफ हो गया कि पांचों किशोरियां छत के रास्ते कंबल की रस्सी बनाकर पीछे खाली प्लॉट में उतरकर गायब हुई हैं। रात को ही तत्काल यहां के प्रभारी ने पुलिस को सूचना दी।



सीसीटीवी एवं सुरक्षा गार्ड होने के बावजूद 14 से 17 वर्ष उम्र की लड़कियों के भाग जाने पर पुलिस विभाग में खलबली मच गई। एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी सिटी, डीपीओ के साथ बाल गृह पहुंचे और मामले की जानकारी ली। सदन प्रभारी गायत्री मिश्रा ने बताया कि रात साढ़े 10 से 11 बजे के बीच महावन, अलीगढ़, नौहझील, दिल्ली, आगरा की रहने वाली पांच गायब हुई हैं। पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे देखे तो इसमें किशोरियां कंबल ओढ़कर सदन से निकलती नजर आईं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि रात एक बजे सूचना मिली, डीपीओ की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस की पांच टीमें बालिकाओं की तलाश में लगाईं। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले । मंगलवार की देर रात तक नौहझील एवं महावन की तीन किशोरियां अपने घर पर ही मिल गई हैं। दो की तलाश जारी है। गायब होने वाली किशोरियों में चार पॉक्सो एवं एक निराश्रित वर्ग में यहां आश्रय के लिए लाईं गईं थी।

> पांच में से तीन किशोरियां मिल गई हैं। बाकी दो की तलाश जारी है। इस पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच एडीएम नमामि गंगे को सौंपी गई है। लड़कियों के यहां से जाने के कारण का पता लगाया जा रहा है। जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सीपी सिंह
> डीएम मथुरा

# कार चालक का अपहरण कर लूटने वाले दो गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** टूंडला पुलिस ने कार चालक के अपहरण और लूट के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई ईको कार, मोबाइल फोन, नकदी, एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देश पर जनपद में चोरी और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी टूंडला के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व वाली थाना टूंडला पुलिस टीम ने अभियुक्तों को पुराना बाईपास जरौली कट वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान साहिल पुत्र



गुलबहार (निवासी मलिक नगर लोनी, गाजियाबाद) और संजय खान पुत्र नाहर खान (निवासी ग्राम मदैयापुरा, सिरपुरा, भिंड, मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, वादी ने 25 जनवरी 2026 को थाना टूंडला में तहरीर दी थी। इसमें बताया गया कि 23 जनवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे चार अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी ईको कार (टढ 07 8569) किराए पर ली थी। रास्ते में चालक को गाड़ी से उतारकर दूसरी गाड़ी में बैठाया गया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गया। चालक के बेहोश होने के बाद आरोपियों ने 24 जनवरी को उसकी ईको कार, वनप्लस कंपनी का मोबाइल फोन और 7 हजार रुपए लूट लिए थे। विवेचना के दौरान पुलिस ने इन दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से ईको कार, वनप्लस कंपनी का मोबाइल फोन, चोरी से संबंधित 1200 रुपए नकद, एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

# 'अब थक गया हूं' लिखकर फंदे पर झूला पीसीएस एस्पिरेंट

एनएनआई

**हाथरस।** आशीर्वाद धाम कॉलोनी में मंगलवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह लंबे समय से डिप्रेशन से जूझ रहा था। युवक ने अपने हाथ पर सुसाइड नोट लिखा। उसने लिखा- अब मैं थक गया हूं। मृतक की पहचान 27 वर्षीय नागेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बॉबी के रूप में हुई है, जो सीआईएसएफ में तैनात हरि सिंह का इकलौता बेटा था।

घटना के समय हरि सिंह और परिवार के अन्य सदस्य किसी जरूरी काम से मथुरा गए हुए थे। जब परिवार के लोग शाम को घर लौटे, तो उन्होंने बॉबी को अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटका पाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

नागेंद्र ने सुल्तानपुर के एक कॉलेज से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक किया था। उसके बाद वह टीसीएस कंपनी में नौकरी करने लगा। 2 साल बाद उसने नौकरी छोड़ दी थी। दिल्ली में रहकर जीईटी तैयारी करने लगा था। साथ ही वह पीसीएस की भी तैयारी कर रहा था। हालांकि, उसने पीसीएस की परीक्षा नहीं दी थी। 6 माह पहले वह दिल्ली से घर लौट आया था।

आत्महत्या से पहले उसने अपने हाथ पर इंग्लिश में लिखा- अब मैं ठीक होने का दिखावा करते-करते थक गया हूं और मानसिक स्वास्थ्य संघर्षों ने मुझे बहुत कमजोर बना दिया है। इसलिए, होश में अपने जीवन को समाप्त करने का निर्णय ले रहा हूं।

# राज चौहान हत्याकांड में शूटर चिन्हित, गिरफ्तारी अब तक नहीं

## इंस्पेक्टर लाइन हाज़िर, 34 रंगबाजों पर भी कसेगा शिकंजा





एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना क्षेत्र में शुक्रवार रात हुए राज चौहान हत्याकांड ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गेस्ट हाउस में हुई सनसनीखेज हत्या के बाद पुलिस ने भले ही शूटरों की पहचान कर ली हो, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस जांच में रंगबाज सोएब मंसूरी, इटावा के एक शूटर सहित कुल चार आरोपियों के नाम सामने आए हैं। पुलिस टीमें उनके करीब पहुंचने का दावा कर रही हैं। बताया जा रहा है कि यह हत्या क्षेत्र में वर्चस्व की पुरानी रंजिश का नतीजा है।

मूलरूप से सादाबाद के बेदई निवासी राज चौहान की शुक्रवार रात टेढ़ी बगिया स्थित एसएन स्टे गेस्ट हाउस की चौथी मंजिल पर ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। वर्तमान में राज का परिवार कालिंदी विहार में रह रहा था। स्थानीय रंगबाजों से उसकी पहले से दुश्मनी चल रही थी। हत्या के बाद पुलिस ने दर्जनभर से अधिक युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सोएब मंसूरी और राज चौहान के बीच जेल के दौरान झगड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि जेल में पिटाई के बाद राज ने सोएब को टेढ़ी बगिया में धमकाया था। बाद में राज द्वारा सोएब के भाई की पिटाई किए जाने से मामला और बिगड़ गया, जिसे सोएब ने अपनी साख से जोड़ लिया। जांच में यह भी सामने आया है कि ट्रांस यमुना क्षेत्र में पहले भी कई बार वर्चस्व को लेकर फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने इंस्पेक्टर ट्रांस यमुना धर्मेंद्र कुमार लांबा को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर नाई की मंडी थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार को भेजा गया, जिन्होंने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया।

**परिजनों से मिले भाजपा विधायक**

भाजपा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह सोमवार को राज चौहान के परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। राज की मां नीरू चौहान ने बताया कि जेल से छूटने के बाद बेटे को किसी दूसरे जिले में भेजने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन उससे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि उसने समझौते के बहाने बुलाकर धमकी दी थी कि उनका बेटा नहीं बचेगा।

**यमुनापार के 34 रंगबाज चिह्नित शिकंजा कसेगी पुलिस**

यमुनापार में रंगबाजों के कई गैंग सक्रिय हैं। राज चौहान की हत्या के बाद रंगबाजी की घटनाओं की अधिकारियों को जानकारी मिली। यह भी पता चला कि स्थानीय स्तर पर पुलिस ने इन पर शिकंजा नहीं कसा। ट्रांस यमुना थाने में तैनात रहे प्रभारियों में से कुछ पर रंगबाजों को शह देने की बात भी सामने आई। अब सभी रंगबाजों की सूची तैयार की गई है। 35 रंगबाजों की यह सूची नए थाना प्रभारी को दी गई है। इन पर पुलिस कानूनी शिकंजा कसेगी। डीसीपी सिटी अली अब्बास ने बताया कि ट्रांस यमुना क्षेत्र के 35 रंगबाजों की सूची तैयार की गई है।

# यमुनापार में पांच दिन से सूखे नल, बढ़ी लोगों की मुश्किलें

एनएनआई



**आगरा।** यमुनापार क्षेत्र में बीते पांच दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे हजारों लोग परेशान हैं। आरबी डिग्री कॉलेज के आसपास, राधिका गार्डन वाली गली और काशीराम आवास योजना तक नलों में पानी नहीं आ रहा है। जलसंकट के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं। स्थानीय निवासी डॉ नंद किशोर का कहना है कि लगातार पानी न मिलने से घरों की दिनचर्या पूरी तरह बिगड़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग को संकट के दौरान टैंकर जैसी वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। वहीं सुमित शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से न तो कोई सूचना दी जा रही है और न ही सही स्थिति बताई जा रही है। शुरूआत में नलकूप ऑपरेटर लाइन सही होने की बात कहते रहे, बाद में पता चला कि टंकी से जुड़ी समस्या के कारण सप्लाई बाधित है। जलकल विभाग के महाप्रबंधक अरुणेंद्र राजपूत ने बताया कि कालिंदी विहार के बी-ब्लॉक स्थित पानी की टंकी काफी जर्जर अवस्था में थी, जिसे जल निगम द्वारा गिराया गया। टंकी का मलबा गिरने से पानी की लाइन और वाल्व क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे इलाके की सप्लाई प्रभावित हुई। सोमवार को मरम्मत के बाद मंगलवार को सुबह-शाम पानी दिया गया, लेकिन लाइन में लीकेज होने से प्रेशर कम हो गया और दोबारा संकट खड़ा हो गया। अधिकारियों के अनुसार मरम्मत का कार्य जारी है और बुधवार सुबह से जलापूर्ति सामान्य होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, लगातार बदलती वजहों और देरी से परेशान लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## इंस्पेक्टर हरीपर्वत व ताजगंज थाना प्रभारी को मिला सीएम मेडल

एनएनआई

**आगरा।** इंस्पेक्टर हरीपर्वत नीरज शर्मा व ताजगंज थाना प्रभारी जसवीर सिंह सिरोही को मुख्यमंत्री के द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र और 25 हजार नगद राशि देकर सम्मानित किया गया है। जसवीर सिंह सिरोही ने न्यू आगरा थाने में तैनाती के दौरान इस घटना के पदार्फाश में दोनों ने अहम भूमिका निभाई थी। नीरज शर्मा उस समय उनकी तैनाती सिकंदरा में थी।

सदर और सिकंदरा में वह प्रभारी रह चुके हैं। सिकंदरा और हरी पर्वत में उन्होंने कई बड़ी घटनाओं को खोला है। ज्वैलर्स हत्याकांड में हत्या करने वाले अमन का एनकाउंटर करने में उन्होंने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी। उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए दोनों को यह सम्मान मिला है।

## नहीं मिला एचआर मैनेजर मिंकी शर्मा का कटा सिर, तलाश जारी

**आगरा** एनएनआई। थाना एत्माद्दौला स्थित जवाहर पुल पर 23 जनवरी की रात एक बजे युवती का सिर कटा शव बोरे में बंद मिला था। उसकी शिनाख्त पार्वती विहार, टेढ़ी बगिया की मिंकी शर्मा (25) के रूप में हुई। उसका कटा सिर अभी तक नहीं मिला है। वह संजय प्लेस के मारुति प्लाजा की छठवीं मंजिल पर स्थित प्राइवेट कंपनी में एचआर मैनेजर थीं। प्रेमी को गिरफ्तार कर पुलिस ने 24 घंटे में हत्याकांड का खुलासा किया। हत्या त्रिकोणीय प्रेम के शक में की गई थी। मृतका के भाई दीपक और बहन रिंकी ने कहा कि हत्याकांड में और भी लोग शामिल हैं। विनय अकेला इतनी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे सकता है। पुलिस गहनता से जांच करे। जितने लोग भी संलिप्त मिलें, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।


**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# यूजीसी पर बढ़ रहा 'गुस्सा', विरोध प्रदर्शन

- माथुर वैश्य समाज ने किया सड़कों पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान
- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मंत्री ने दिया इस्तीफा

एनएनआई




**फिरोजाबाद।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन) यूजीसी के नए नियमों को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर सुहागनगरी में विरोध शुरू हो गया है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री शशि तोमर ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा कर भगवा दल में सनसनी फैला दी तो दूसरी ओर पार्टी के कोर वोट माथुर वैश्य समाज ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने का शंखनाद कर दिया। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता 'मामा' ने मंगलवार की शाम फिरोजाबाद क्लब के सभागार में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में स्थानीय मंडल क्षेत्र की विभिन्न शाखा और सेवादल इकाइयों के एकत्रित महिला-पुरुष पदाधिकारियों के बीच कहा कि वैश्य समाज किसी भी राजनीतिक दल का जड़ खरीद गुलाम नहीं है। हम, अपने समाज के हकों और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर और कीमत पर एकजुटता से राजनीतिक व सामाजिक ताकत दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज हर चुनाव में जिनको तन, मन, धन से राजनीतिक ताकत देता है, उन्हें भी अब समाज के लोगों को सम्मानजनक राजनीतिक हिस्सेदारी और संरक्षण देना चाहिए। उन्होंने बताया कि यूजीसी की नई नियमावली हमारे बच्चों के भविष्य के खिलाफ है। इसके लिए हमने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन भेज दिया है। राष्ट्रीय महामंत्री शंकर गुप्ता ने कहा कि सात मार्च को राष्ट्रीय मंत्री परिषद की पहली बैठक फिरोजाबाद में होगी। इसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। स्थानीय मंडल अध्यक्ष पद की शपथ लेने वाले अश्वनी कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार को यूजीसी के नए नियमों को वापस करना होगा, हम इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल गुप्ता ने कहा आज समाज हर क्षेत्र में अग्रणी है। निश्चित रूप से समाज की राजनीति में बड़ी भागीदारी होनी चाहिए। इसके लिए पप्पू की बजाए लाट साहब बनने की सोच पैदा करनी होगी। आंख बंद कर ताली बजाना बंद करना पड़ेगा। राजनीतिक सोच पैदा करनी होगी। ध्रुव कुमार आचार्य ने सामाजिक मजबूती को गतिविधियों को सतत बढ़ावा देने और कुरीतियां समाप्त करने बेटियों के अंतरजातीय विवाह पर रोक और प्री-वेडिंग शूट कार्यक्रमों के बहिष्कार की बात कही। अतुल कुमार गुप्ता ने बेटियों को तकनीकी शिक्षा दिलाने और सामाजिक बिखराव रोकने पर विशेष जोर दिया। समारोह में सुनील कुमार सेठ, राकेश मेरोठिया, दिनेश गोलश, अनिल एडवोकेट, राजीव गोलश, दयाशंकर गुप्ता, मनीष कुमार अलंकार, कुलदीप गुप्ता एडवोकेट, यतेंद्र कुमार, रूबि गुप्ता, बबिता शंकर, नीता गुप्ता, निशा गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, रीता अलंकार, गीता गुप्ता, आशा गुप्ता आदि मौजूद थे।

"मैं बहुत विनम्रता से आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी के साथ कोई उत्पीड़न या भेदभाव नहीं होगा। कोई कानून का गलत इस्तेमाल नहीं करेगा, फिर चाहे वो यूजीसी हो, राज्य सरकार हो या फिर केंद्र सरकार ही क्यों न हो। जो कुछ होगा वह संविधान के दायरे में ही होगा।

**धर्मेंद्र प्रधान**
**शिक्षा मंत्री भारत सरकार।**

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 28 जनवरी, 2026


# कोतवाली पर लगेगी वीर गोकुला जाट की भव्य प्रतिमा

- वीर गोकुला जाट की प्रतिमा लगाने के लिए सांसद और महापौर ने किया निरीक्षण

एनएनआई



**आगरा।** मुगल बादशाह औरंगजेब के शासनकाल के दौरान हिंदुओं और किसानों पर अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष करने वाले नायक वीर गोकुला जाट की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए कोतवाली पर शीघ्र ही वीर गोकुला जाट की भव्य प्रतिमा एवं शिलालेख स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में सांसद राजकुमार चाहर एवं महापौर हेमलता दिवाकर ने नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल तथा नगर निगम की टीम के साथ कोतवाली क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उस स्थल को अंतिम रूप से चिन्हित किया गया, जहां वीर गोकुला जाट का बलिदान हुआ था। यह प्रतिमा स्थल कोतवाली के समीप ही स्थापित किया जाएगा। इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि औरंगजेब के शासनकाल में जब हिंदू समाज पर अत्याचार बढ़े, मंदिरों को ध्वस्त किया गया और किसानों पर अनैतिक कर थोपे गए, तब वीर गोकुला जाट ने किसानों को संगठित कर लगभग 20 हजार किसानों की सेना तैयार की। उन्होंने मुगल शासक औरंगजेब के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष छेड़ा। मुगल सेना के एक प्रमुख सेनापति को वीर गोकुला जाट एवं उनकी किसान सेना ने युद्ध में परास्त किया। इसके बाद युद्ध के क्रम में वीर गोकुला जाट को गिरफ्तार कर आगरा की कोतवाली में बंदी बनाया गया। उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला गया, लेकिन वीर गोकुला जाट ने सनातन धर्म से विचलित होने से स्पष्ट इनकार कर दिया। उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं और अंततः उन्होंने धर्म एवं स्वाभिमान की रक्षा करते हुए बलिदान दिया। गोकुला जाट के साथ उनके चाचा उदय सिंह ने भी बलिदान दिया। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतिमा स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। यह प्रतिमा न केवल ऐतिहासिक स्मृति को संजोएगी, बल्कि किसान संघर्ष, धर्म रक्षा और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा का केंद्र बनेगी।

# हजूरी भवन में उमड़ा सैलाब, देश-विदेश से आए सत्संगी



- पीपलमंडी के पूर्व आचार्य एवं राधास्वामी मत के पांचवें गुरु प्रो.अगम प्रसाद माथुर (दादा महाराज) की तृतीय पुण्य तिथि पर किया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** राधास्वामी मत के आदि केंद्र हजूरी भवन, पीपलमंडी के पूर्व आचार्य एवं राधास्वामी मत के पांचवें गुरु प्रो.अगम प्रसाद माथुर (दादा महाराज) की तृतीय पुण्य तिथि पर विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के अनगिनत सत्संगियों ने भाग लिया। दादा महाराज की समाधि को आकर्षक ढंग सजाया गया था। जिसके समक्ष मत्था टेकने वालों की सुबह से ही कतार लगी रही। इस दौरान सत्संग में विभिन्न ग्रंथों से पाठ किए गये। भजनों पर सत्संगी झूम उठे। बाद में भंडारा हुआ, जिसमें लाखों सत्संगियों ने प्रसाद ग्रहण किया। दादा महाराज का देश के प्रमुख इतिहासकारों में नाम लिया जाता। उनकी पुस्तकों का आज भी जगह-जगह उद्धरण दिया जाता है। धर्मगुरु, शिक्षाविद्, इतिहासवेत्ता, लेखक, साहित्यकार के तौर पर उन्होंने ख्याति प्राप्त की। वर्ष 1982 से 1985 तक और 1988 से 1991 तक आगरा विश्वविद्यालय (अब डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय) के दो बार कुलपति रहे। इससे पहले दादा जी महाराज ने वर्ष 1980 में यादगार-ए-सुलह कुल का आयोजन आगरा किला और फतेहपुर सीकरी में करवाया था। जो बेमिसाल रहा। हजूरी भवन में हजूर महाराज, राधा स्वामी मत के तृतीय आचार्य लालाजी महाराज, चतुर्थ आचार्य कुंवरजी जी महाराज, दादाजी महाराज की समाधियां हैं। इन्हें भी सजाया गया था

# आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी को देने होंगे 8.80 लाख

## बीमा कम्पनी की मनमानी पर उपभोक्ता आयोग सख्त, इलाज खर्च के साथ लगाया हर्जाना

एनएनआई

**आगरा।** जिला उपभोक्ता विवाद समाधान आयोग द्वितीय ने बीमा कम्पनी की मनमानी के खिलाफ अहम फैसला सुनाते हुए आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी को बीमा दावा राशि का भुगतान उपभोक्ता को करने के आदेश पारित किए। साथ ही बीमा कम्पनी पर मानसिक पीड़ा और वाद-व्यय का हर्जाना भी लगाया। 45 दिन के अंदर भुगतान न करने पर 6 फीसद ब्याज देना होगी। अनिल कुलश्रेष्ठ ने आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी से ग्रुप हेल्थ पॉलिसी ली थी। हर साल वह समय से पॉलिसी की प्रीमियम का भुगतान करते रहे। अगस्त 2022 में मुंह का कैंसर होने पर उन्होंने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज कराया। इस दौरान उन्होंने बीमा कम्पनी से कैशलेस इलाज के लिए अनुरोध किया, लेकिन बीमा कम्पनी ने उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इस पर उपभोक्ता ने अपने अधिवक्ता के जरिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रातितोष आयोग द्वितीय के समक्ष परिवाद दाखिल किया। विद्वान न्यायाधीश जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुना। आयोग ने अपने आदेश में पाया कि पॉलिसी लेते समय परिवादी एक स्वस्थ व्यक्ति था। जबकि बीमा कम्पनी दावा खारिज करने सम्बन्धी कोई सक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। अदालत ने बीमा कम्पनी द्वारा आधार बनाए गए अस्पताल के दस्तावेजों में की गई ओवर राइटिंग को संदिग्ध मानते हुए बीमा कम्पनी द्वारा परिवादी के दावे को खारिज किए जाने को सेवा में कमीं मानते हुए आदेश दिए कि फैसले से 45 दिन के अंदर बीमा कम्पनी परिवादी को उसके चिकित्सा खर्च 8 लाख 70 हजार 142 रुपये का भुगतान करे। साथ ही मानसिक पीड़ा और वाद-व्यय के रूप में दस हजार रुपये का जुर्मानी भी लगाया। भुगतान करने में देरी पर छह फीसद ब्याज भी देय होगी।



# भजन रसधार में गूंजे श्रद्धा और देशभक्ति के सुर

- कलाकारों को मिले उचित सम्मान और उचित मानदेयः मनीष अग्रवाल
- आर्टिस्ट गिल्ड ऑफ यूपी कला और कलाकारों के संवर्धन के लिए करेंगी काम




एनएनआई

**आगरा।** आर्टिस्ट गिल्ड ऑफ द्वारा प्रतापपुरा स्थित द रमाना ग्रांड में भजन रसधारा एवं कलाकार परिवार मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश गोयल (सदस्य, छावनी परिषद), रविंद्र सिंह (सीनियर जेसीओ सेना पुलिस), मनीष अग्रवाल (अध्यक्ष, वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन), संदीप उपाध्याय (महासचिव), सौरभ सिंघल एवं पंकज गोयल, रिंकू प्रवीण वर्मा, कमलप्रीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में टी-सीरीज भजन गायक पंडित मोहन शर्मा ने अपने मधुर कंठ से आध्यात्मिक एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। भक्ति रस में डूबे वातावरण ने पूरे सभागार को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। संस्था की ओर से वरिष्ठ कलाकार सुभाष सक्सेना, दिनेश शर्मा, देवकीनंदन नंदन, दिनेश सचदेवा, अमन, हरीश आहूजा सहित आर्टिस्ट गिल्ड ऑफ यूपी के संरक्षक दलजीत सिंह, जसवंत सिंह, मनोज कोहली एवं संजीव अरोड़ा को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। आर्टिस्ट गिल्ड ऑफ यूपी के सभी पदाधिकारियों को संस्था की दायित्व का प्रमाण पत्र वेडिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल महासचिव संदीप उपाध्याय द्वारा प्रदान किए गए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रिंकू, प्रवीण वर्मा, महासचिव कमलप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष भीम सिरोमणि, डॉ मंजरी शुक्ला, पंकज वर्मा, सचिव रोहन सिंह, अनिल वर्मा, साहिल चौहान, निधि सोनी, कार्यकारिणी सदस्य ललित शर्मा, योगेश शर्मा, प्रणव सिंह, अनूप सिंह,सुजाता शर्मा, नीरज कपूर, अमित आर्यन, बॉबी कनौजिया, अपूर्व सिंह, श्रीकांत आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विवेक द्वारा किया गया।

# शैलेन्द्र नरवार प्रांतीय उपाध्यक्ष निर्वाचित

एनएनआई



**आगरा।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन व चुनाव फरुखाबाद में संपन्न हुआ । आगरा के शिक्षक नेता शैलेन्द्र नरवार ने प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर चुनाव लड़ा । शिक्षकों ने भारी मतों से शैलेन्द्र नरवार को प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर जीत दिलाई । चुनाव में संजय मणि त्रिपाठी प्रांतीय अध्यक्ष, अरुणेंद्र कुमार वर्मा प्रांतीय महामंत्री, मजहर मोहम्मद खान प्रांतीय कोषाध्यक्ष अब्दुल रशीद प्रांतीय मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए। शैलेन्द्र नरवार इससे पूर्व संगठन में प्रांतीय प्रवक्ता तथा प्रांतीय संयुक्त मंत्री रहे हैं । शैलेन्द्र नरवार शिक्षक नेता डॉ विजेंद्र सिंह नरवार के सुपुत्र हैं तथा शिक्षा के साथ समाज और पर्यावरण के लिए वह निरंतर कार्य कर रहे हैं । उनकी इस विजय पर मंडल अध्यक्ष आगरा ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष अलीगढ़ तेजवीर सिंह चौधरी, जिलाध्यक्ष आगरा दिनेश पाराशर, जिलाध्यक्ष मथुरा मुनीश चौधरी, जिलाध्यक्ष हाथरस रमेश चौधरी, पुरुषोत्तम सिंह चाहर, रामकुमार दिवाकर , चौधरी नेत्रपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह सैंगर, सीपी सिंह चौहान, अरुण सिकरवार , शिवप्रताप सिंह भदोतिया विवेक शर्मा सहित प्रदेश के शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

# ब्रजभाषा काव्य मंच के वार्षिकोत्सव पर बही काव्य की रसधार




- विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में हुआ अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह व पुस्तक लोकार्पण

एनएनआई

**आगरा।** कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी एवं भाषाविज्ञान विद्यापीठ डॉ.भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में हिंदी साहित्य व ब्रजभाषा को समर्पित संस्था 'ब्रजभाषा काव्य मंच' के द्वितीय वार्षिकोत्सव पर आयोजित अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह,पुस्तक लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर स्थित 'डायमंड जुबली हॉल' में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं वाणी वंदना से हुआ। ब्रजभाषा काव्य मंच के अध्यक्ष डॉ. रामेन्द्र शर्मा 'रवि' ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि संस्था हिन्दी साहित्य व ब्रजभाषा के प्रचार-प्रसार को समर्पित रहते हुए नवोदित कवियों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पण भाव से काम कर रही है और इसी क्रम में यह द्वितीय वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें पूरे देश के विभिन्न प्रान्तों व शहरों से करीब 150 साहित्यकार भाग ले रहे हैं जो हिंदी एवं ब्रजभाषा को वैश्विक साहित्य पटल पर स्थापित करने हेतु कृत संकल्पित हैं।

समारोह के विशेष सत्र में डॉ. रामेन्द्र शर्मा 'रवि' द्वारा संपादित 'काव्य मंजरी' (साझा संकलन) एवं उनके गीत संग्रह 'सतरंगी गीत' के साथ कुमार दत्त 'कुमर' (पलवल) की कृति 'दहाड़ 1857 की' तथा राजकुमारी उपाध्याय के उपन्यास 'फर्ज-एक प्रेम कहानी' का भी लोकार्पण हुआ।

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील बाबूराव कुलकर्णी ने लोकार्पण करते हुए कहा कि रचना वही अमर होती है जो समाज व देश को जाग्रत करे और जन-जन के मन में बस जाए। उन्होंने जोड़ा कि 'काव्य मंजरी' न केवल साझा काव्य संकलन है वरन यह ब्रजभाषा काव्य मंच के सदस्यों का एक परिचय ग्रंथ भी है। केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा की पूर्व निदेशक डॉ बीना शर्मा ने 'सतरंगी गीत' के संदर्भ में बताया कि 90 गीतों से सजा यह गीत संग्रह डॉ रामेंद्र शर्मा 'रवि' की अनुपम कृति है जिसमें उन्होंने सभी विषयों पर गीत लिखे हैं। लोकार्पण समारोह में आरबीएस कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. सुषमा सिंह, फिरोजाबाद के गीतकार डॉ रामसनेही लाल शर्मा 'यायावर', बृज बिहारी लाल बिरजू बीकानेर से मानिक चंद्र सुथार गाजियाबाद से गीता रस्तोगी, प्रतापगढ़ से प्रेम कुमार त्रिपाठी आदि मंचस्थ रहे।

# निबंध लेखन के विजेताओं को दिए पुरुस्कार

- अशोका आर. फाउंडेशन और जगन्नाथ मंदिर के सौजन्य से 'थिंक गीता, लिव गीता' नामक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** थिंक गीता, लिव गीता' नामक निबंध लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अशोका आर. फाउंडेशन और जगन्नाथ मंदिर के सौजन्य से 'थिंक गीता, लिव गीता' नामक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन आगरा के विद्यालयों में 17 से 20 जनवरी तक किया गया, जिसका पुरस्कार वितरण समारोह 26 जनवरी, 2026 को कॉसमॉस मॉल, संजय प्लेस में किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा मन को भगवद्गीता की शिक्षाओं से प्रेरित करना था, जिससे उनमें बचपन से ही विचारों में स्पष्टता, नैतिक शक्ति और सकारात्मक जीवन जीने की भावना विकसित हो। प्रतियोगिता चार श्रेणियों में आयोजित की गई, जिसमें समस्त बोर्ड (यूपी, आई.सी.एस.ई व सी.बी.एस.ई) के 30 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इसके साथ ही प्रतियोगिता स्थल पर भगवद्गीता पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया और उन सभी की प्रतिभा देखते हुए निर्णायक मंडल ने सभी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर अशोका आर. फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. रंजना बंसल ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों को भगवद्गीता के शाश्वत मूल्यों से परिचित कराना है, जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। भगवद्गीता के माध्यम से, हम छात्रों को जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। अप्साध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भगवद्गीता की शिक्षाएँ छात्रों को जीवन के हर पहलू में सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगी और उन्हें एक बेहतर मानव बनाने में सहायक होंगी। इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविंद स्वरूप दास ने विद्यार्थियों के लिए भगवद्गीता के विषय में कहा कि भगवद्गीता विद्यार्थियों के लिए जीवन जीने की सर्वोत्तम मार्गदर्शिका है। इस अवसर पर पूरन डाबर, गिरधर शर्मा (निदेशक) - सेंट एंड्रयूज स्कूल, रेनू गोयल (निदेशिका) - सुमित राहुल स्कूल, रामानंद चौहान (प्रधानाचार्य) - सुमित राहुल स्कूल, लवली कथुरिया हॉर्टिकल्चर क्लब, एच. जी. हरि विजय प्रभुजी (वृंदावन), एच. जी धीर दामोदर प्रभुजी (धौलपुर), एच. जी. वैकुंठ प्रभुजी आदि गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन में दिया संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रबोध पर जोर

एनएनआई



**आगरा।** अपने बच्चो को जाग्रत करने की जरुरत है। मेवात आज छोटा पाकिस्तान है। वहां हिन्दुओ की दुर्दशा अच्छी नहीं है। वहां से हिन्दू पलायन कर रहा है। ये कहना था ताजगंज हिन्दू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता धर्मेंद्र प्रांत प्रचार से आये। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार सुरक्षित नहीं है। आज संघ की वजह से भारत में संस्कृति सुरक्षित और विधर्मियो पर विजय हम पा रहे है। कार्यवाहक सूरज प्रकाश दत्ता ने कहा कि व्यक्ति कि पहचान जाति के आधार पर नहीं बल्कि देश के आधार पर होनी चाहिए। इस आयोजन में महंत योगेश पुरी अध्यक्ष जानकी दास कपूरी संचालक भारत गौड़ , राजू गोयल, मयंक अग्रवाल ,मदन वर्मा ,रिंकू अग्रवाल ,योगेश वर्मा, आनंद पोरवाल , संजय गोयल, राजेश गुप्ता लोग उपस्थित रहे

# तिरंगे की आन में गूंजी देशभक्ति की शान



## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान

**आगरा एनएनआई।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गणतंत्र दिवस शानदार रूप से मनाया गया। प्राचार्य अनिरुद्ध यादव द्वारा संस्थान में ध्वजारोहण कर , बेसिक शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन एवं गणतंत्र दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए उसकी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अनिल कुमार, संचालन प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय ने किया। मुकेश सिन्हा, प्रवक्ता यशवीर सिंह, संजीव कुमार सत्यार्थी, कल्पना सिन्हा, डॉ प्रज्ञा शर्मा, रंजना पांडे, लक्ष्मी शर्मा, हिमांशु सिंह, रचना यादव, पुष्पेंद्र सिंह, डॉ दिलीप गुप्ता, यशपाल सिंह, अबु मुहम्मद आसिफ, धर्मेंद्र प्रसाद गौतम, तिलक जंग, गौरव भार्गव, आकांक्षा लवानिया, अमित दीक्षित सहित समस्त डायट स्टाफ मौजूद रहा।



## बीडी प्राइमरी स्कूल

**आगरा एनएनआई।** बीडी प्राइमरी स्कूल बमरौली अहीर रोहता ग्वालियर रोड पर गणतंत्र दिवस आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य महेश शर्मा द्वारा प्रबंधक विनय कामरा एवं अध्यक्ष अशोक अग्रवाल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरीश मित्तल,नरेंद्र मित्तल,भानु ,विष्णु मित्तल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



## सेंट मार्क्स स्कूल

**आगरा एनएनआई।** सेंट मार्क्स में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रबंधक राजू डेनियल, प्रधानाचार्या माण्डवी सिंह, समन्वयक मीनाक्षी तिक्खा एवं गतिविधि प्रभारी मंजुला सेठ ने सभी छात्र- छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। नन्हे-नन्हे छात्र-छात्राओं ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय का माहौल देश भक्तिमय हो गया । कक्षा 8 की छात्रा ने गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाया।

## प्रिल्यूड में भव्यता, गरिमा और उल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

एनएनआई



**आगरा।** देशभक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओत-प्रोत प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत भव्यता, गरिमा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय एडवोकेट श्री देवेंद्र बाजपेई थे।

ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से वातावरण राष्ट्रप्रेम से गूंज उठा। प्री-प्रायमरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इसके उपरांत अंतर्सदनीय प्रतियोगिताओं के नियम एवं निर्देश प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात एकल गायन प्रतियोगिता, एकल वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के द्वारा कविता पाठ, विद्यालय के कॉयर द्वारा देशभक्ति गीत तथा देशप्रेम के रंग में रंगी नृत्य प्रस्तुति दी गई। इन सभी में देशप्रेम की भावना स्पष्ट रूप से झलकती रही और दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त हुई। गायन एवं वादन प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित निर्णायक मंडल में डॉ. कविता शर्मा (संगीत प्रवक्ता) एवं श्री शुभाशीष गांगुली (प्रसिद्ध तबला वादक, ऑल इंडिया रेडियो) उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक डॉ सुशील गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल को स्मृति स्वरूप भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ .सुशील गुप्ता ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति एवं जल का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है

उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पर्यावरण-संरक्षण गतिविधियों से जुड़ने, वृक्षारोपण करने, जल एवं ऊर्जा संरक्षण अपनाने तथा अपने छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े सकारात्मक परिवर्तन लाने की अपील की। उनके प्रेरक वचनों ने विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं सक्रिय सहभागिता की भावना को और अधिक मजबूत किया।

मुख्य अतिथि माननीय एडवोकेट देवेंद्र बाजपेई द्वारा दिए गए प्रेरणादायी आशीर्वचनों ने विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण, आत्मविश्वास एवं जिम्मेदारी की भावना को और सुदृढ़ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को कर्तव्य, अनुशासन एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करते हुए प्रेरणादायी संबोधन दिया। कार्यक्रम का समापन आद्या सोनी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।



## अशोक नगर शान्ति एवं सेवा समिति

**आगरा एनएनआई।** अशोक नगर शान्ति एवं सेवा समिति के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस पर वयोवृद्ध 103 वर्षीय राजेंद्र सारस्वत द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। राम प्रकाश गौतम द्वारा संविधान एवं उसके महत्व के बारे में बताया गया। अध्यक्ष डा. हरी सिंह, जितेंद्र चाहर, अधिवक्ता सूरज पाल सिंह के साथ गोपाल सिंह, राघवेन्द्र सिकरवार, सूरज प्रकाश शर्मा, बंटी कुलश्रेष्ठ, दिनेश सिन्हा, अमित चौधरी, मुकेश राणा, अखिलेश श्रीवास्तव, आलोक सिन्हा, प्रद्युम्न मित्तल, ओ. पी. गोयल, आर. के. समाधिया, सुधीर श्रीवास्तव, डी. सी. रायजायदा, मंसूर बच्चन मौजूद रहे।



## ॐ किड्स क्लब

**आगरा एनएनआई।** ट्रांस यमुना कॉलोनी स्थित ॐ किड्स क्लब प्ले नर्सरी ग्रुप में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सफल आयोजन विद्यालय प्रबंधन की ओर से अंकुश अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या इंदु अरोड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए देशभक्ति, अनुशासन, स्वच्छता और अच्छी आदतों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों का उत्साह और चेहरे पर देशभक्ति की मुस्कान पूरे आयोजन की सफलता का प्रमाण बनी।



## होली पब्लिक जूनियर कॉलेज

**आगरा एनएनआई।** सेक्टर-4 आवास विकास स्थित होली पब्लिक जूनियर कॉलेज में गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। प्रधानाचार्या सोनिका चौहान एवं कॉर्डिनेटर ज्योति शर्मा ध्वजारोहण कर किया गया। शिक्षिका पुष्पा शर्मा ने संचालन किया। कक्षा बारहवीं की छात्रा विधि मार्कन एवं छात्र निखिल गिडवानी ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार रखे, जबकि आशी गुप्ता ने देशभक्ति कविता का पाठ किया।

## श्री गिर्राज देवांश एकेडमी में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों ने मचाया धमाल

एनएनआई



**आगरा।** श्री गिर्राज देवांश एकेडमी द्वारा गणतंत्र दिवस का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, तकनीक और संस्कृति–तीनों का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रालोद नेता नरेंद्र धनगर रहे। साथ ही साईंटिस्ट नीलू सिंह, साइंटिस्ट प्रदीप पाल सिंह, अभिषेक धनगर, अशोक बघेल, रोबिन सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश धनगर तथा देशभर में प्रसिद्ध जादूगर जितेंद्र बघेल ने भी उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सुबह ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। इसके बाद एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने अपने रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स की लाइव प्रस्तुति दी, जिसमें विभिन्न तकनीकी मॉडल, ऑटोमेशन सिस्टम और सेंसर आधारित प्रोजेक्ट्स शामिल थे। बच्चों की तकनीकी समझ, आत्मविश्वास और नवाचार क्षमता ने सभी अतिथियों को प्रभावित किया। तकनीकी प्रस्तुतियों के बाद बच्चों ने अपनी अबैकस स्किल्स का प्रदर्शन किया। छात्रों ने तेज गति से जटिल गणनाएँ करके यह साबित किया कि मानसिक गणना, ध्यान और मेमोरी पावर को सही दिशा में विकसित करने से शिक्षा में अद्भुत परिवर्तन संभव है। अतिथियों ने इस प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास बच्चों के भविष्य को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाते हैं।

# हम जिएंगे और मरेंगे, ऐ वतन तेरे लिए






एनएनआई

**जैतपुर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर कस्बा क्षेत्र के प्रत्येक सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर गर्व के साथ तिरंगा लहराया गया। बीएनडी आदर्श इंटर कॉलेज की झांकी ने राहगीरों के रोम रोम में देशभक्ति का जज्बा भर दिया। इस झांकी में एक दर्जन से अधिक भव्य घुड़ रथों पर सवार झांकियां को देखकर राहगीरों में देशभक्ति का जुनून जाग उठा। इसी क्रम में सैनिक इंटर कॉलेज फतेहपुरा ने देश के पावन दिवस पर विद्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति पर प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर विद्यालय के अध्यापकगणों के साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगणों को मंत्र मुक्त कर दिया। वहीं कस्बा के सिद्धांत राज इंटर कॉलेज में विद्यालय के बच्चों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर साल की तरह इस वर्ष भी जोश से भरी हुईं एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इसी तरह कस्बा के धायपुरा गांव में स्थित एस के मेमोरियल इंटर कॉलेज के डायरेक्टर आलोक पांडे एवं प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिसर में तिरंगा फहराया एवं बच्चों में देशभक्ति एवं देश सेवा के प्रति जागरूक किया गया। जैतपुर मुख्य चौराहे पर जैतपुर की सामाजिक टीम के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 151 फीट लंबे तिरंगे को मुख्य चौराहे पर सलामी दी गई जिसमें जैतपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार के साथ ग्राम प्रधान पप्पू पुरोहित एवं जैतपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम तिवारी ने तिरंगा फहराकर सलामी दी।

## पिनाहट में भी मनाया गणतंत्र दिवस



**पिनाहट** एनएनआई। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के अलावा विद्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ है। पिनाहट क्षेत्र मे नगर पंचायत ब्लॉक के अलावा थानो पर ध्वजा रोहण हुआ। साथ ही हजारीलाल पाराशर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक नवीन पाराशर ने, मानव सहायता संघ आगरा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने उप जिला अधिकारी बाह संतोष कुमार शुक्ला सहित पिनाहट कार्यालय आतिथियों का स्वागत सम्मान किया। बसई अरेला के मनोरिसी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक प्रशांत पचौरी ने, गजाधर इंटर कॉलेज मरैयन में प्रबंधक कुलदीप शर्मा ने, केडी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रवीश शर्मा, पूजा पब्लिक के स्कूल में प्रधानाचार्य रमेश राजपूत, प्राथमिक विद्यालय नयापुरा में इंचार्ज राजीव पाराशर, रिचा गुप्ता ,प्रधान प्रतिनिधि रघुवीर वर्मा सत्यवान सिंह रहे। सुमित्रा देवी इंटर कॉलेज स्याहीपुरा में वीर बालक अजय राज निषाद का विद्यालय प्रबंधक ज्ञान सिंह वर्मा टिंकू वर्मा राजकुमार वर्मा ने स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय पूरा लोधी राजपूत में रिचा सत्संगी ब ग्राम प्रधान उदय सिंह परिहार ने, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसई भदोरिया में प्रधानाचार्य प्रभात सिंह, उप स्वास्थ्य केंद्र बसई अरेला में स्वास्थ कर्मी ब ग्राम प्रधान सुभाष सिंह ने ध्वजा रोहण किया।

## आगरा चैप्टर एनआईआरसी ऑफ आईसीएसआई ने मनाया गणतंत्र दिवस



**आगरा** एनएनआई। चैप्टर एनआईआरसी ऑफ आईसीएसआई में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुज कुमार जी, जॉइंट कमिश्नर ऑफ इंडस्ट्रीज, आगरा डिवीजन (भारत सरकार) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अब तक के सर्वाधिक अनुभवी चेयरमैन सीएस अनुज अशोक अग्रवाल, एक्टिंग चेयरमैन भानवी गोयल, सचिव सीएस नीतू अग्रवाल एवं आईसीएसआई आगरा चैप्टर के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से ध्वज फहराया।

# परचून की दुकान से 2 लाख की चोरी

एनएनआई

**खेरागढ़।** कस्बे में चोरी की वारदातों ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाने से महज 300 मीटर दूर मेडिकल की दुकान में पिछले सप्ताह हुई चोरी का अब तक कोई खुलासा नहीं हो सका है। वही अब थाने के पास मौजूद परचून की दुकान से दो लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारियों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पुलिस गश्त केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। कस्बे में यह सवाल गूंज रहा है कि जब थाने के आसपास दुकानें सुरक्षित नहीं, तो आम व्यापारी कैसे खुद को सुरक्षित माने? फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कह रही है, लेकिन नतीजे शून्य हैं।



# ट्रेन में बैठ कर बटेश्वर पहुंचे 3 बच्चे

**बाह** एनएनआई। शमसाबाद क्षेत्र का 3 बच्चे ट्रेन में बैठ कर घर से भागे थे, खेत में फसल की रखवाली करने वाले किसानों को बटेश्वर स्टेशन के पास भटकते हुए मिले। सोमवार की शाम शमसाबाद के टूला मोहल्ला के पवन (14) पुत्र चीतो, चुनिया (11) पुत्र पूरन, गढ़ी के अशोक (12) पुत्र बोबी घर से भाग निकले। तीनों शमसाबाद के हाल्ट पर पहुंचे और शाम 7 बजे आगरा से इटावा जाने वाली पेसेंजर ट्रेन में बैठ गये। उन्होंने पुलिस को बताया कि बटेश्वर के स्टेशन पर ट्रेन से उतरे थे, अंधेरा होने की बजह से रास्ता नहीं मिल रहा था। इधर बिजकौली गांव के किसान की नजर भटक रहे बच्चों पर पड़ी, तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बाह पुलिस ने बच्चों से उनके घर के बारे में पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि बटेश्वर चौकी की पुलिस को तीनों बच्चों को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाने को भेजा। रात में ही पुलिस द्वारा बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किए जाने से उनकी चिंता खुशी में बदल गई। पुलिस का शुक्रिया अदा किया।



## बेटी की शादी के कार्ड बांटने जा रहे व्यक्ति की जेब कटी

**बाह** एनएनआई। बेटी की शादी के कार्ड बांटने निकले व्यक्ति की बाइक पर लिफ्ट लेकर बैठे बदमाश ने जेब काट कर 12500 रुपये निकाल लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पिढ़ौरा के विजयगढ़ी गांव के पन्नालाल पुत्र खेम चन्द ने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर बाद 3 बजे वह बाह क्षेत्र में बाइक से बेटी वर्षा की शादी के कार्ड बांटने के लिए जा रहे थे। 10 फरवरी को बेटी की बारात आनी है। जब वह जरार के पास से गुजर रहे थे, तब सड़क किनारे हाथ जोड़ कर बदमाश उनके सामने खड़ा हो गया और बोला कि परिजन बीमार हैं, बाह तक के लिए बाइक पर बिठा लो। बीमारी की सुन कर पसीजे पन्नालाल ने बदमाश को बाइक पर बिठा लिया। उन्होंने बताया कि बाह में प्रवेश करते ही बाइक रुकवा कर वह उतर गया। उसके जाने के बाद जेब टटोली तो पेंट की पिछली जेब कटी मिली। जेब में रखे 12500 रुपये गायब थे। पन्नालाल ने बाह थाने में तहरीर देकर पुलिस से जांच और कार्रवाई की गुहार लगाई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।

# मलपुरा में हुआ केवी काइट्स प्ले ग्रुप स्कूल का उद्घाटन

एनएनआई

**मलपुरा।** क्षेत्र में केवी काइट्स प्ले ग्रुप स्कूल का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बीजेपी समर्थक दल में प्रदेश अध्यक्ष देवेश अग्रवाल ने शिरकत की। उन्होंने फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

देवेश अग्रवाल ने कहा, "भूपेंद्र सिंह हमारे भाजपा समर्थक दल के एक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने एक मुहिम छेड़ी है कि क्षेत्र के बच्चों को स्कूल जाने के लिए दूर का रास्ता तय करना पड़ता था, मगर अब इंतजार की घड़ी खत्म हो गई। अब पास में ही यह प्ले ग्रुप स्कूल खुल चुका है। आप सभी क्षेत्रवासी अपने बच्चों का एडमिशन ले सकते हैं और इसका लाभ उठाएं।" उन्होंने आगे कहा, "देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नारा है कि 'पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया'। इस नारे को बढ़ाते हुए भूपेंद्र सिंह ने जो मुहिम छेड़ी है, मैं चाहता हूं कि गांव का हर क्षेत्रवासी इस मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और अपने बच्चों को पढ़ाकर यहां से आईएएस, आईपीएस बनकर निकले।" स्कूल प्रबंधक रश्मि शिरोमणि ने बताया कि यह स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध है और इसमें डिजिटल एजुकेशन की सुविधा उपलब्ध है। स्कूल में क्लास ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही तरीके से चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्कूल में प्रोजेक्टर के द्वारा पढ़ाई कराई जाएगी और दूर से आने वाले बच्चों के लिए स्कूल बैन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र में देखा कि लोगों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए दूर जाना पड़ता है, इसलिए उन्होंने यह स्कूल खोला है। उन्होंने कहा कि स्कूल की फीस भी अन्य स्कूलों की तुलना में बहुत कम है और इसमें कई सुविधाएं उपलब्ध हैं।



स्कूल की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा गया कि इसमें सोलर लाइट लगाई गई है, जिससे 24 घंटे बिजली उपलब्ध रहेगी। स्कूल को जल्द ही एसी किया जाएगा और इसमें हवादार पंखे और स्वच्छ टॉयलेट भी उपलब्ध हैं। इस अवसर पर स्कूल संस्थापक रतन सिंह, भूपेंद्र सिंह, स्कूल प्रबंधक रश्मि शिरोमणि भाजपा समर्थक दल के प्रदेश महामंत्री बोबी अग्रवाल, जॉनी वाले, प्रदेश उपाध्यक्ष सनी राज गौतम, उपाध्यक्ष सौरभ गोयल, प्रदेश मंत्री शांकी जैन, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रशांत सिंह, जिला अध्यक्ष मोहित राज गौतम, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रकाश सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

### भारत-यूरोपीय संघ एफटीए

# सौदों की अम्मा या मोदी का मास्टरस्ट्रोक?

कल यानी 27 जनवरी 2026 की तारीख इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई। दो दशकों के लंबे इंतजार, कूटनीतिक रस्साकशी और अनगिनत बैठकों के बाद आखिरकार भारत और यूरोपीय संघ (एव) ने उस व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसे "सौदों की माँ" कहा जा रहा है। ब्रुसेल्स और दिल्ली के गलियारों में शैम्पेन की बोतलें खुलीं, नेताओं ने हाथ मिलाए और इसे एक नए युग की शुरूआत बताया। लेकिन बड़ा सवाल अब भी वही हैः क्या यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए असली आतिशबाजी है या महज एक महँगा चुनावी पटाखा?

इस समझौते का पैमाना किसी की भी आँखें चौंधियाने के लिए काफी है। एक तरफ भारत के 1.4 अरब महत्वाकांक्षी लोग हैं, तो दूसरी तरफ यूरोप के 50 करोड़ समृद्ध उपभोक्ता। यह गठबंधन मिलकर दुनिया की जीडीपी का 25% और वैश्विक व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा नियंत्रित करता है। टैरिफ की दीवारें गिर चुकी हैंः यूरोप का 96.6% सामान अब बिना किसी शुल्क के भारतीय बंदरगाहों पर उतरेगा, जबकि भारत को धीरे-धीरे यूरोप के 99% बाजार तक पहुँच मिलेगी। यह व्यापारिक दुनिया का एक बड़ा "धमाका" है।

भारतीय निर्यातकों के लिए यह किसी लॉटरी से कम नहीं है। अब सूरत के बुनकर केवल स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं रहेंगे; उनके कपड़े लंदन और पेरिस के रैम्प पर जलवा बिखेरेंगे। आगरा के लेदर शूज अब सीधे मिलान और रोम के आलीशान शोरूम्स में चमकेंगे। जयपुर के रत्न और आभूषणों से अब यूरोपीय दुल्हनें सजेंगी संवरेगी।

दवाइयों और रसायनों के क्षेत्र में सन फार्मा और डॉ. रेड्डीज जैसे जेनेरिक दिग्गज अब और भी मजबूती से उभरेंगे। आईटी सेवाओं की बात करें तो बेंगलुरु के कोडरों के लिए अब "वीजा" का रोड़ा कम होगा। यूरोपीय देशों ने स्किल शॉर्टेज का बहाना छोड़कर भारतीय प्रतिभाओं के लिए रास्ते आसान किए हैं। यूरोप को इसके बदले क्या मिला? भारतीय सड़कों पर अब जर्मन कारें (मर्सिडीज, ऑडी, बीएमडब्ल्यू) सस्ती होंगी। मुंबई और दिल्ली की हाई-प्रोफाइल पार्टियों में फ्रेंच वाइन और इटैलियन पनीर का स्वाद सस्ता होगा। लेकिन असली खेल तकनीक का है; इटैलियन और जर्मन मशीनें अब गुजरात और तमिलनाडु की फैक्ट्रियों में गरजेंगी, जिससे सालाना करीब ■4 अरब की ड्यूटी बचेगी। सवाल यह है कि क्या यह 'विन-विन' स्थिति है या हमारे मध्यम वर्ग को यूरोपीय विलासिता का आदी बनाने की तैयारी?

इस डील की टाइमिंग किसी मंझे हुए शतरंज खिलाड़ी की चाल जैसी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी और उनके द्वारा भारतीय स्टील (जमशेदपुर) और झींगा (आंध्र प्रदेश) पर लगाए गए 50% तक के टैरिफ ने भारत को विकल्प खोजने पर मजबूर कर दिया। ट्रंप की टैरिफ दीवार ने भारत और यूरोप, दोनों को एक-दूसरे के करीब ला दिया है।

यह एफटीए भारत के लिए एक 'एग्जिट रैम्प' की तरह हैः अमेरिकी अनिश्चितता से हटकर यूरोपीय स्थिरता की ओर। ट्रंप के तमतमाते मूड ने इस डील को वह 'टर्बो बूस्ट' दिया, जो पिछले 20 साल में नहीं मिल पाया था।

भारत अब किसी एक "बड़े भाई" के भरोसे नहीं है। पिछले साल न्यूजीलैंड के साथ हुआ समझौता रंग ला रहा है, कीवी बटर अब हमारी रोटियों पर है। ऑस्ट्रेलिया के साथ कोयले, वाइन और डॉक्टरों के लिए मोबिलिटी डील ने रिश्तों को गहरा किया है। नॉर्डिक देशों के साथ कुशल कामगारों के लिए बातचीत अंतिम चरण में है। भारत अब समानता और संतुलन के आधार पर रिश्ते बना रहा है।

दिल्ली की राजनीति इस पर बंटी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे "ऐतिहासिक जीत" बताया है, वहीं कांग्रेस और राहुल गांधी का सवाल है कि क्या इस चमक-धमक में हम अपने किसानों को भूल गए? उद्योग जगत में उत्साह है; फिक्की ने इसे "निर्यात बूम" करार दिया है और अडानी पोर्ट्स पहले ही बढ़ते वॉल्यूम की तैयारी में हैं। लेकिन एमएसएमई और डेयरी किसान सहमे हुए हैं। पंजाब और हरियाणा के डेयरी किसानों का कहना है, "अगर फ्रेंच बटर और यूरोपीय चीज बाजार में भर गया, तो हमारे दूध का क्या होगा?"

विजेताः भारत के आईटी पेशेवर, कपड़ा और आभूषण निर्यातक और मध्यम वर्ग, जिन्हें सस्ती प्रीमियम तकनीक मिलेगी। साथ ही यूरोप, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा उभरता बाजार मिल गया है।

चुनौतियांः छोटे किसान और स्थानीय ऑटो-पार्ट्स निमार्ता, जिन्हें यूरोपीय दिग्गजों की गुणवत्ता और कीमत से सीधे मुकाबला करना होगा।

व्यंग्य अपनी जगह है, लेकिन कूटनीतिक रूप से यह मोदी का एक साहसिक कदम है। ट्रंप की धमकियों के बीच यूरोप से हाथ मिलाकर भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अब ग्लोबल सप्लाई चेन का केवल एक हिस्सा नहीं, बल्कि उसका एक मुख्य केंद्र है।

**ब्रज खंडेलवाल (लेखक के निजी विचार)**

# रंगकर्मियों ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

एनएनआई

**आगरा।** एनएससी कंप्यूटर पर शहर के रंगकर्मियों व संस्कृति कर्मियो ने गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया। झण्डा रोहण वरिष्ठ चिकित्सक डा मनोज सिंघल ने किया। गौरव शर्मा, अकांछी, चंद्र शेखर, मो रईस, संस्कृति, अजय दुबे, अम्बरीश नाथ, डा प्रदीप, मनोज जैन, राजीव सिंघल, नीरज अग्रवाल ने आजादी के तराने व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।




डा मनोज सिंघल, डा ज्योत्सना रघुवंशी, दिलीप रघुवंशी, हरीश चिमटी, मनमोहन भारद्वाज, पार्थो सेन, डा महेश धाकड़, डा नवीन गुप्ता आदि ने सम्बोधित किया अनिल जैन, प्रमोद राणा, सूरज तिवारी, संदीप अरोरा, श्वेता सिंह, संजीव गर्ग, विनय रमन, कफील खान, चतुर्भुज तिवारी , हरेश अग्रवाल, राहुल अचलेश गुप्ता, जितेन्द्र शर्मा, रूपाली शर्मा, डा कमल अरोरा, मीनाक्षी सिंघल, श्याम माहेश्वरी , दीप सिंह , अतुल सिंघल , मुकेश अग्रवाल , रूपेश शर्मा , आशीष , मुकेश अग्रवाल , धर्मेन्द्र परमार , अजीत सिंह , प्रमोद सारस्वत, नरेश तनहा, टोनी फास्टर, अभिनय प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर, गौरव शर्मा व माही वी कुमार ने किया। वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## भाजपा मनकामेश्वर मंडल

**आगरा** एनएनआई। रावत पाड़ा चौराहे पर भाजपा मनकामेश्वर मंडल द्वारा गणतंत्र दिवस पर सिंगी गली से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। दरेसी, रावतपाड़ा, जोहरी बाजार होते हुए काला महल पर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन में युवा मोर्चा मंत्री तरुण गुप्ता ,पार्षद अनुज शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदेश सिंगल, धीरज जैन, प्रकाश, दीपक यादव, राहुल शर्मा, पार्षद रवि माथुर, सत्यम शर्मा, हरि भाई, सुधा शर्मा, अमर गुप्ता, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## गभार्धान संस्कार एवं मेटरनिटी होम

**आगरा** एनएनआई। श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में खतैना रोड स्थित "गभार्धान संस्कार एवं मैटरनिटी होम" पर गणतंत्र दिवस गरिमामय व उत्साहपूर्ण रूप से मनाया गया। राज कुमार गर्ग (सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी), सीमा गर्ग, आशीष गर्ग, सिमरन गर्ग, शुभांशु गर्ग, राधिका गर्ग, रूपाली गर्ग, मीता जैन, मंजू जैन, ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एडवोकेट, महासचिव मनोज अग्रवाल, रमेश चन्द अग्रवाल, राकेश गर्ग, नरेन्द्र अग्रवाल, डा.नरेश पारस सुमन सुराना मौजूद रहे।



## भूतपूर्व सैनिक

**आगरा** एनएनआई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने अपने कैंप कार्यालय पर भूतपूर्व सैनिकों के साथ झंडा फहराया। नंदिनी जीवनदायिनी ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में इंडियन वेटरन्स ऑगेर्नाइजेशन के सदस्यों (भूतपूर्व सैनिकों) ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी भूतपूर्व सैनिकों का महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने स्वागत किया। इसके उपरांत सभी सैनिकों का सम्मान किया। महापौर ने कहा कि ये देश वीर जवानों के कंधों पर टिका है।



## सेंट एन्ड्रूज प्रीमियर स्कूल

**आगरा** एनएनआई। ताजनगरी फेस 2 स्थित सेंट एंड्रूज प्रीमियर स्कूल में धूम धाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एमडी शिवांजल शर्मा, प्रधानाचार्या इन्दु बाला त्रिखा, उप प्रधानाचार्या सुरीती माथुर, संयोजिका अमृत गिल, व लेखाकार मनोज शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा देश भक्ति गीत, नन्हा मुन्हा राही हूं , वंदे मातरम व नृत्य संदेशे आते हैं आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।


# फेम ने झंडारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस

एनएनआई

**आगरा।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल ने 77 वाँ गणतंत्र दिवस होटल सीपी पैलेस में हर्षोल्लास से मनाया। मुख्य अतिथि फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती को तिरंगा पटका पहना कर किया। तिरंगे के सम्मान में राष्ट्रगान गाया और सभी ने भारतमाता की जय के जयकारे लगाए।मिष्टान्न वितरण कर एक दूसरे को बधाई प्रेषित की।



इस अवसर पर सोबती जी ने अपने संबोधन में कहा कि देश दुनियां की आज की परिस्थितियों में व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है। हम सभी व्यापारियों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा और सभी चुनोतियों का सामना करते हुए राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयासरत रहना होगा और व्यापारियों की ओर से भारत को आजादी एवं संविधान देने वाले सर्वोच्च बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर फेम के मंडल अध्यक्ष कृष्ण गोयल, जिला अध्यक्ष राजेश खुराना, जि.महामंत्री ब्रजेश पंडित, माधव मोहन बंसल, धर्मवीर कौशिक, प्रेम शर्मा, गौरव जैन, मनोज खंडेलवाल, वी पी शर्मा, राजपाल सिंह, रूपेश कुमार, अमन कुलश्रेष्ठ, सारथी कुमार, मुकुल नारायण, राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने किया।




# बॉबी देओल ने सादगी से मनाया 57वां जन्मदिन

## घर पर चुनिंदा प्रशंसकों से की मुलाकात

बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने 27 जनवरी को अपना 57वां जन्मदिन बेहद सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने किसी बड़े समारोह का आयोजन नहीं किया और अपने आवास पर ही कुछ चुनिंदा प्रशंसकों से मुलाकात की। सामने आए फोटो और वीडियो में प्रशंसक अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते और उपहार भेंट करते नजर आए। फोटोग्राफरों द्वारा साझा किए गए दृश्यों में बॉबी देओल को सामान्य परिधान में अपने घर से बाहर निकलते देखा गया। उन्होंने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और आत्मीयता से उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक केक काटने की रस्म से भी दूरी बनाए रखी। बताया जा रहा है कि हाल ही में पिता एवं दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद परिवार अभी शोक की स्थिति में है, इसी कारण जन्मदिन का आयोजन सादगीपूर्ण रहा। इस अवसर पर बड़े भाई और अभिनेता सनी देओल ने सामाजिक माध्यम पर बॉबी देओल के साथ तस्वीर साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। फिल्म जगत से जुड़े कई कलाकारों ने भी बॉबी देओल को बधाई संदेश भेजे।



## राष्ट्रपति भवन के 'एट होम' समारोह में शामिल हुई सामंथा रूथ प्रभु

अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' समारोह में शिरकत की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शामिल होकर अभिनेत्री ने स्वयं को सम्मानित महसूस करने की बात कही। सामंथा ने सामाजिक माध्यम पर अपने अनुभव साझा करते हुए लिखा कि उनके जीवन में कभी ऐसा नहीं लगा था कि वे इस मुकाम तक पहुंचेंगी, लेकिन निरंतर प्रयास और देश के अवसरों ने उन्हें यहां तक पहुंचाया। उन्होंने इसके लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद रहे। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू का धन्यवाद करते हुए समारोह की तस्वीरें साझा कीं। कार्यक्रम में थलसेना, वायुसेना और नौसेना के प्रमुख अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हुए। राष्ट्रपति भवन से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक तक कर्तव्य पथ को देश की सांस्कृतिक विरासत, सैन्य शक्ति और विकास यात्रा को दर्शाने के लिए विशेष रूप से सजाया गया था। यह समारोह भारत के संविधान लागू होने की ऐतिहासिक स्मृति का प्रतीक रहा।

# अंकिता लोखंडे ने उषा नाडकर्णी को बताया 'रॉकस्टार'

अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने वरिष्ठ कलाकार उषा नाडकर्णी के प्रति अपने स्नेह और सम्मान को सामाजिक माध्यम पर साझा किया है। हाल ही में फिल्म 'गांधी टॉक्स' के टीजर विमोचन कार्यक्रम में उषा नाडकर्णी को देखकर अंकिता भावुक हो गईं। अंकिता ने उषा नाडकर्णी को 'आई' कहकर संबोधित करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत और 'रॉकस्टार' बताया। उन्होंने लिखा कि उषा नाडकर्णी का समर्पण, सादगी और काम के प्रति जुनून सभी कलाकारों के लिए उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि अंकिता लोखंडे और उषा नाडकर्णी ने लोकप्रिय धारावाहिक 'पवित्र रिश्ता' में साथ काम किया था। इसी कार्यक्रम में अभिनेता विजय सेतुपति की आगामी मूक फिल्म 'गांधी टॉक्स' का टीजर भी जारी किया गया, जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। यह फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।



# भारत बनाम न्यूजीलैंड चौथा टी20 आज

## भारत की 3-0 से है अजेय बढ़त

**विशाखापट्टनम।** भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जारी है। अब तक खेले गए तीनों मुकाबलों में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला अपने नाम कर ली है। अब दोनों टीमें आज चौथे टी20 मुकाबले में आमने-सामने होंगी। यह मैच विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। मुकाबले के समय को लेकर प्रशंसकों में असमंजस की स्थिति थी, लेकिन स्पष्ट कर दिया गया है कि मैच शाम सात बजे शुरू होगा। इससे आधे घंटे पहले शाम साढ़े छह बजे टॉस कराया जाएगा। श्रृंखला के पहले तीनों मुकाबले भी इसी समय शुरू हुए थे, ऐसे में मैच के कार्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। भारतीय टीम का लक्ष्य श्रृंखला में न्यूज़ीलैंड का क्लीन स्वीप करना होगा, जबकि कीवी टीम सम्मान बचाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम के पास इस मुकाबले में टी20 विश्व कप से पहले संयोजन आजमाने का भी अच्छा मौका रहेगा। श्रृंखला का अंतिम मुकाबला 31 जनवरी को खेला जाएगा।



टी20 विश्व कप से पहले राहुल द्रविड़ की चेतावनी

# एक खराब दिन बिगाड़ सकता है सबकुछ

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने जा रही है। भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगी। इस बीच पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया को सतर्क रहने की सलाह दी है। एक कार्यक्रम के दौरान राहुल द्रविड़ ने कहा कि भारतीय टीम भले ही टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार मानी जा रही हो, लेकिन क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। उन्होंने कहा कि एक खराब दिन पूरी मेहनत पर पानी फेर सकता है। द्रविड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 2003 और 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद फाइनल में खिताब से चूक गई थी। यही कारण है कि किसी भी मुकाबले को हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान भारतीय टीम संतुलित और मजबूत है, लेकिन हर खिलाड़ी को हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अगर भारत इस बार टी20 विश्व कप जीतता है, तो वह लगातार दो बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनेगी।



संन्यास की अटकलों पर केएल राहुल ने तोड़ी चुप्पी

# 'अभी समय बाकी है'

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने अपने भविष्य और संन्यास को लेकर चल रही चर्चाओं पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने स्वीकार किया कि संन्यास का विचार उनके मन में आया है, लेकिन फिलहाल वह इससे दूर हैं। 33 वर्षीय राहुल ने कहा कि जब सही समय आएगा, तब वह इस फैसले को टालेंगे नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट के अलावा भी जीवन में बहुत कुछ है, इसलिए संन्यास का निर्णय उनके लिए कठिन नहीं होगा। राहुल ने कहा कि वह खुद को कोई बड़ा सितारा नहीं मानते, जिससे भविष्य में खेल से दूरी बनाना उनके लिए आसान हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि पिता बनने के बाद जीवन को देखने का उनका नजरिया पूरी तरह बदल गया है। राहुल ने चोटों से जूझने के अपने अनुभव भी साझा किए और कहा कि बार-बार की चोटें मानसिक रूप से सबसे बड़ी चुनौती होती हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि क्रिकेट ने उन्हें बहुत कुछ दिया है।



गुजरात जाएंट्स की प्लेऑफ उम्मीदें जिंदा

# दिल्ली कैपिटल्स को तीन रन से हराया

## सोफी डिवाइन की घातक गेंदबाजी, चार विकेट लेकर दिलाई रोमांचक जीत

**वडोदरा।** गुजरात जाएंट्स ने मंगलवार को खेले गए महिला प्रीमियर लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक संघर्ष में तीन रन से पराजित कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। इस जीत के साथ गुजरात अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि दिल्ली की टीम चौथे पायदान पर बनी हुई है। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात जाएंट्स ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 174 रन बनाए। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम आठ विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना सकी। गुजरात की जीत में ऑलराउंडर सोफी डिवाइन की अहम भूमिका रही, जिन्होंने गेंदबाजी में चार विकेट झटके। इसके अलावा राजेश्वरी गायकवाड़ ने तीन विकेट लिए, जबकि एश्ले गार्डनर को एक सफलता मिली। गुजरात ने आक्रामक अंदाज में पारी की शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने शुरूआती ओवरों में तीन आकर्षक चौके जड़े, लेकिन वह 13 रन बनाकर मारिजन काप की गेंद पर बोल्ड हो गईं। इसके बाद बेथ मूनी ने पारी को संभालते हुए नंबर तीन पर आईं अनुष्का शर्मा के साथ उपयोगी साझेदारी की।



# संजू सैमसन की परीक्षा आज

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम की पिच को बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माना जाता है। यहां अक्सर रन बरसते हैं और गेंदबाजों के लिए चुनौती बढ़ जाती है। ऐसे में मुकाबला एक बार फिर उच्च स्कोर की ओर बढ़ सकता है। इस मैच में सबसे ज्यादा निगाहें विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर टिकी रहेंगी। पिछले तीन मुकाबलों में उनका बल्ला शांत रहा है और तीन पारियों में वह महज 16 रन ही बना सके हैं। लगातार असफलताओं के चलते उन पर दबाव साफ नजर आ रहा है। वहीं, ईशान किशन की शानदार फॉर्म ने प्रतिस्पर्धा को और तेज कर दिया है। इसके बावजूद टीम प्रबंधन सैमसन के समर्थन में खड़ा है। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्पष्ट किया है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल पूरी तरह सकारात्मक है और किसी तरह की बेचैनी नहीं है।



# बुधवार, 28 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों मे अनुकूल रहेगा। आज चंद्रमा आपकी राशि से दूसरे भाव होने जा रहा है। चंद्रमा के इस गोचर की वजह से आज आपकी जमा पूंजी मे भी वृद्धि होगी। आपको आज पिता पक्ष से भी लाभ मिलने का योग बना हुआ है।

आज बुधवार का दिन वृषभ राशि के लोगों के लिए करियर और कामकाज के मामले में मिलाजुला रहेगा। आपका आज नौकरी में किसी पुराने अट-के काम को निपटाने में सफलता मिलेगी। आपका कोई मित्र या सहकर्मी आपकी मदद कर सकता है।

मिथुन राशि के जातको के लिए आज बुधवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आप परंपरा और नियमों का पालन करते हुए काम करेंगे लेकिन आपसे आज नियम से हटकर कुछ काम करने की मांग हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आज आपको आज कुछ नई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है।

कर्क राशि के लोगों को आज उच्च के चंद्रमा के प्रभाव से लाभ मिलेगा। आज आपका आत्मविश्वास और मनोबल बढेगा। आप नौकरी और कार्यक्षेत्र में आज सफलता पाएंगे। आपके सितारे बताते हैं कि आपको आज कहीं से अचानक आर्थिक लाभ मिल सकता है।

सिंह राशि के जातको के लिए आज बुधवार का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आज चंद्रमा का गोचर आपकी राशि से कर्मभाव में हो रहा है। ऐसे में आज आपके कार्यक्षेत्र में अनुकूल और गति बनी रहेगी। नौकरी मे आज आपका प्रभाव और सम्मान बना रहेगा।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन भाग्यवर्धक रहेगा। आपको आज करियर और कामकाज में कोई बड़ा मौका मिल सकता है। आपकी राशि से आज भाग्य भाव में हो रहा है चंद्रमा का गोचर आपको कार्यक्षेत्र में सफल बनाएगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में संभलकर चलना होगा, कुछ अप्रत्याशित खर्च का भी संयोग बनेगा। नौकरी में आज का दिन मानसिक तनाव दे सकता है। अगर आप नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको आज संयम से काम लेना चाहिए।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साहवर्धक और अनुकूल रहेगा। आपकी राशि से आज सप्तम भाव में बैठा हुआ चंद्रमा आपको करियर में सफलता प्रदान करेगा। नौकरी में आपको आज साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आपको अपने कुछ पेंडिंग का भी आज निपटाने होंगे।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। कामकाज के साथ आज आपको आज कुछ सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी निभाना होगा। अचानक बनने वाली किसी परिस्थिति की वजह से आपको अपनी योजनाओं भी बदलाव करना होगा।

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन कमाई के साथ ही साथ पारिवारिक जीवन के मामले में भी अच्छा रहेगा। आप नौकरी में आज अधिकारियों के साथ ही साथ सहकर्मियों से भी सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज सामाजिक क्षेत्र में मान सम्मान की प्राप्ति होगी।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन आर्थिक मामले में लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको करियर में भाग्य आगे बढने का मौका देगा। आपकी कोई चाहत भी आज पूरी हो सकती है। सामाजिक क्षेत्र में आज आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा।

मीन राशि के लिए आज बुधवार का दिन साहस और धैर्य से सफलता दिलाने वाला रहेगा। आप आज आर्थिक योजनाओं में लाभ प्राप्त कर पाएंगै। नौकरी में आज आपको विपरीत लिंगी साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# बच्चों की प्रतिभा और स्वदेशी उत्पादों से सजा गणतंत्र दिवस मेला

## विद्या स्वरूप फाउंडेशन का गणतंत्र दिवस मेला बना देशभक्ति और संस्कृति का संगम

एनएनआई



**आगरा।** विद्या स्वरूप फाउंडेशन की ओर से गणतंत्र दिवस मेले का आयोजन कमला नगर स्थित श्री शिवशंकर सेवा सदन में किया गया। मेले की शुरूआत सुबह लायंस क्लब के द्वितीय डिस्ट्रिक गवर्नर अजय भार्गव, इंडिया राइजिंग के अध्यक्ष आरपी सक्सेना, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, कंचन बंसल और पूजा बंसल ने ध्वजारोहण कर की।

अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अभय प्रथम, गर्व द्वितीय और दिविजा तृतीय स्थान पर रहे। नृत्य प्रतियोगिता में रिदिमा प्रथम, वंश द्वितीय और नाइशा तृतीय स्थान पर रहे। ड्राइंग प्रतियोगिता में नाइशा अरोरा प्रथम, धवनि गर्ग द्वितीय और गरिमा तृतीय स्थान पर रहे। कविता प्रतियोगिता में आराध्या प्रथम, सक्षम द्वितीय और रणविजय तृतीय स्थान पर रहे। मेन्टल मैथ में अविका प्रथम, श्रयांस तिवारी द्वितीय और देवांश गर्ग तृतीय स्थान पर रहे। स्टोरी टेलिंग में ध्वज सिंघल प्रथम, काव्या बंसल द्वितीय और अजलफा खान तृतीय स्थान पर रहे।

सचिव मोनिका अग्रवाल ने बताया कि मेले में हस्तशिल्प, स्वदेशी उत्पादों और व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। जिसमे अनुभव निधि आश्रम, इस्कॉन, लव यू जिंदगी, केस्पर होम्स, इंडिया राइजिंग, भारत विकास परिषद् आदि ने स्टॉल्स को ग्राहकों ने बेहद पसंद किया। मंच पर विद्या स्वरूप फाउंडेशन के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, देशभक्ति गीत, नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। कपिल शर्मा ने बच्चो को प्रेरित किया। बच्चों के लिए झूले व खेलकूद की विशेष व्यवस्था रही। संचालन डॉ.निधि अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर साक्षी अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, शशि गोयल, स्नेहा गर्ग, वर्षा गुप्ता, सुरभि गुप्ता, सीए शिवम् अग्रवाल, वंश पाण्डेय, शिविका अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# जय हिन्द के जयघोष से गुंजायमान हुआ तिरंगा चौक

- तिरंगा चौक पर लगातार 77वें गणतंत्र दिवस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज
- अजीत नगर बाजार कमेटी के सहयोग से 9 साल से लगातार हो रहा ध्वजारोहण

एनएनआई



**आगरा।** अजीत नगर तिराहे पर सेल्फी प्वाइंट पर रोज की तरह सोमवार को भी तिरंगा फहराया गया मगर एक अलग शान से। ये झंडारोहण का 77 वें गणतंत्र दिवस का था। अजीत नगर बाजार कमेटी की ओर से तिरंगा चौक पर 2921वें दिन मुंबई से टीवी शो दी कपिल शर्मा शो की टीम से जुड़े संजीव कुमार ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने कहा कि युवाओं के लिए तिरंगा चौक सेल्फी पॉइंट प्रेरणा है। ये पूरे देश में अकेला ऐसा स्थान है जहां राष्ट्रगान के साथ प्रतिदिन 9 वर्ष से झंडारोहण हो रहा है। यहां ध्वजारोहण कर मुझे बड़ा गर्व महसूस हो रहा है।

कमेटी के अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि तिरंगा चौक का हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर का सम्मान बढ़ा है। तिरंगा चौक पर रोजाना सुबह ठीक 10 बजे ध्वजारोहण होता है। रोजाना एक नए मुख्य अतिथि को बुलाकर पूरे राजकीय सम्मान से ध्वजारोहण कराया जाता है।

मुख्य अतिथि सुबह 9:30 बजे अनिवार्य रूप से पहुंच जाते हैं। 9:45 बजे से 17-17 सेकंड के सायरन बजते हैं। 9:50 से 9:55 तक स्वागत व फोटो सेशन के बाद 17-17 सेकेंड के तीन सायरन बजते हैं और 9.59 मिनट पर राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण होता है। शाम को राष्ट्रीय ध्वज पूरे सम्मान से उतारा जाता है। बाजार कमेटी द्वारा मंच पर इंडियाज गोट टेलेंट शो फेम पी एस डांस ग्रुप ने देशभक्ति से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन बी.एस. अब्बास ने किया।

इस अवसर पर संरक्षक सतेंद्र दुबे, दिनेश अग्रवाल, दिनेश अरोड़ा, राना रणजीत सिंह, संतोष गोयल, डीके गोयल, विनय भल्ला, पंकज यादव, सुधीर कुमार, सौरभ अग्रवाल, मनोज गुप्ता, हरिशंकर सिंह चाहर, सुनील कोहली, तेज सिंह, हरप्रीत सिंह, मुकेश कुशवाह, संजय नोतनानी, इमरान अब्बास आदि मौजूद रहे।

## आचार्य विद्यासागर महाराज के विचारों से समाज को संस्कारों का मार्ग दिखाया



**आगरा (एनएनआई)।** आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने तप, त्याग और तपस्वी जीवन से संपूर्ण समाज को आध्यात्मिक दिशा दी। वे शब्दों से नहीं, अपने आचरण से शिक्षा देने वाले महापुरुष थे। भारतीय संस्कृति, भाषा और मूल्यों के संरक्षण में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। आचार्य विद्यासागर महाराज का जीवन मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सरल जीवन और उच्च विचारों के माध्यम से आत्मकल्याण के साथ-साथ समाज कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उनका सान्निध्य और संदेश युगों तक मार्गदर्शन करता रहेगा। शांतिनाथ महिला मंडल, जयपुर हाउस, आगरा ने आज आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की समाधि दिवस पर नीतू जैन के निवास पर भजनों का आयोजन किया जिसमे राखी, अन्नू, रुचि, रितु,सीमा, निधि, सोनल, रेनू, करुणा, प्रिया, शिल्पी, सिखा, आकांक्षा, एकता, रूबी, कल्पना, शालू, नेहा, महक आदि ने भाग लिया।

## भारत विकास परिषद नवज्योति ने मनाया गणतंत्र दिवस



**आगरा (एनएनआई)।** भारत विकास परिषद की शाखा नवज्योति ने कमला नगर स्थित सेंट्रल बैंक रोड पार्क पर ध्वजारोहण कर 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। ध्वजारोहण के बाद संस्था के सदस्यों ने राष्ट्रीय गान के बाद स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। अध्यक्ष सीए दीपिका मित्तल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि देश की मजबूती संविधान के मूल्यों—न्याय, समानता और स्वतंत्रता में निहित है। राहगीरों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, महिला सहभागिता नीलू जैन, संजीव अग्रवाल, डॉ. अमित सिंघल, राकेश अग्रवाल, शुभम गोयल, तान्या गर्ग, संदीप मित्तल, अंकुश मित्तल, जितेंद्र जैन, मोहित अग्रवाल, मनीष गोयल, सुशील गुप्ता, अनिल गुप्ता, नीलू मित्तल, अमित अग्रवाल, शिल्पी मित्तल, शशांक अग्रवाल, अमित गर्ग, अशोक लालवानी आदि मौजूद रहे।

## अमर शहीदों की याद में 165 ने किया रक्तदान

**आगरा (एनएनआई)।** गणतंत्र दिवस पर 'प्रयास फाउंडेशन आगरा' द्वारा 'इन्दर एन्क्लेव वैलफेयर सोसाइटी' व लोकहितम ब्लड बैंक के सहयोग से बल्केश्वर स्थित अपने कार्यालय पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें 165 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिसमें 23 महिलाऐं भी शामिल थी।शिविर की शुरूआत से पहले उ.प्र. लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने ध्वजारोहण किया। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। प्रयास फाउण्डेशन आगरा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल गुड्डू ने बताया कि शिविर में संग्रहित रक्त से जरूरतमंदों की मदद की जायेगी। यह रक्तदान विशम्भरनाथ अग्रवाल की स्मृति में आयोजित किया गया है।सभी रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पार्षद पूजा बंसल,गिर्राज बंसल,नंदी महाजन,डॉ राधेश्याम, रिंकू गर्ग,नागेन्द्र प्रसाद,रवि गुप्ता,अतुल गर्ग,मोहित अग्रवाल,अंकुर गर्ग, आशीष सिंघल,मनुराज मित्तल,अनूप अग्रवाल,अनिल गुप्ता, मनोज अग्रवाल,राहुल अग्रवाल, अर्पण गुप्ता,संदीप वर्मा,आशीष गुप्ता,उमंग गुप्ता,रिशी ठाकुर,शिखर बंसल, प्रदीप माहेश्वरी, मधुबाला अग्रवाल,विशाखा अग्रवाल ने सहयोग किया।



# मंत्री ने किया तिरंगा यात्रा बाइक रैली का शुभारंभ

**आगरा (एनएनआई)।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जन कल्याण (ग्रामीण) के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा बाइक रैली का शुभारंभ व स्वागत नुनिहाई पुलिस चौकी से हुआ, जो रामबाग, एत्माद्दौला, कटरा वजीर राधा कृष्ण जी का मंदिर स्टेज लगी खां होते हुए नाई की सराय, जलेसर रोड स्थित खाटूश्याम मंदिर पर संपन्न हुई। इस अवसर पर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशवासियों में राष्ट्रप्रेम, एकता और अखंडता की भावना को जागृत करना है। उन्होंने युवाओं से देशहित में कार्य करने और संविधान के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश प्रजापति, रामू प्रजापति (पत्रकार), ज्वाला प्रसाद प्रजापति, बच्चू सिंह प्रजापति, राणा सिंह प्रजापति, हिमांशु शर्मा, योगेश प्रजापति, रवि शर्मा, धर्मेंद्र सिकरवार राहुल सिकरवार हरि ओम चौहान दीपक शर्मा गोपाल ठाकुर माता प्रसाद प्रजापति लटूरी सिंह प्रजापति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



